

# 'मन की बात' से प्रेरणा लेकर आयुर्वेद को जनकल्याण से जोड़ें : राज्यपाल

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि 'मन की बात' से प्रेरणा लेकर आयुर्वेद को जनकल्याण से जोड़ें, क्योंकि आने वाला समय आयुर्वेद का है। आवश्यकता उसके ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने की है। स्वस्थ जीवन, प्रकृति संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश समाज तक पहुंचाना सामूहिक जिम्मेदारी है।

राज्यपाल रविवार को पं. खुशीलाल शासकीय (स्वशासी) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान के रजत जयंती सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के प्रसारण से पूर्व संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को केवल उपचार तक सीमित न रखें। इसके ज्ञान से रोग नियंत्रण, स्वास्थ्य जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का संबंध केवल दवा से नहीं, बल्कि स्वच्छता, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, योग, व्यायाम और सकारात्मक सोच से भी है। संतुलित आहार, मिलेट के सेवन, पर्याप्त पानी पीने, नियमित व्यायाम और कम तेल के उपयोग को स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। राज्यपाल ने कहा कि 'मन की बात' समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रेरक कार्यों और अनुभवों को सामने लाकर नागरिकों को सकारात्मक कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने शिक्षकों से स्थानीय ज्ञान, वन औषधियों और पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियों के अध्ययन व शोध के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने का आह्वान किया।

प्रमुख सचिव आयुष शोभित जैन ने बताया कि आयुष विभाग द्वारा जन स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा, शोध, उपचार और योग की व्यवस्था की जा रही है। आभार आयुक्त आयुष आर. उमा महेश्वरी ने माना।

# मुख्यमंत्री ने अनाहत और अभय सिंह को रजत पदक जीतने पर दी बधाई

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स 2026 में महिला एकल स्क्वैश स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर अनाहत सिंह को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अनाहत सिंह की यह ऐतिहासिक सफलता देश के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने पुरुष एकल स्क्वैश स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर अभय सिंह को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि अभय सिंह की उपलब्धि देश को गौरवान्वित करने के साथ युवाओं को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। मुख्यमंत्री ने दोनों प्रतिभावान खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

## विश्व पर्यटन दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रकृति के बीच समय बिताने देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए अमिट स्मृतियां सहेजे मध्य प्रदेश पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य, आध्यात्मिक स्थलों, जनजातीय परंपराओं और समृद्ध विरासत से संपन्न मध्य प्रदेश वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में लगातार अग्रणी है और अब चीता स्टेट भी बन गया है।*

## दिव्यांग उपकरण वितरित...



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 138वें एपिसोड का रविवार को भोपाल के शिवाजी नगर स्थित सिंधु भवन सभागार में दिव्यांगजनों के साथ सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं सांसद आलोक शर्मा ने दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपयोगी सहायक उपकरण वितरित किए। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी बृजगोपाल लोया, जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

# किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 10 घंटे बिजली

- **इस बार किसानों का धान भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा**
- **हल्दी की प्रसंस्करण व्यवस्था और बाजार उपलब्ध कराने से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



मुख्यमंत्री ने रविवार को शहडोल में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को उज्जैन से वर्चुअली संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष सरकार ने पहली बार शहडोल के किसानों का श्री अन्न कोदो और कुटकी समर्थन मूल्य पर खरीदा है। इस बार किसानों का धान भी समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई का रकबा बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे और हर खेत तक पानी पहुंचाने का प्रयास होगा। उन्होंने बताया कि शहडोल की हल्दी को भौगोलिक संकेतक मिला है। क्षेत्र में हल्दी का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। हल्दी की प्रसंस्करण व्यवस्था और बाजार उपलब्ध कराने से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे। उन्होंने राजाबाग अमरूद, मूंगा, कोदो और कुटकी का उल्लेख करते हुए उद्यानिकी फसलों के उत्पादन को भी बढ़ावा देने की बात कही। शहडोल क्षेत्र में जनजातीय बहुल गांवों में होम-स्टे विकसित कर ग्रामीण पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा देने की भी बात कही।

# शहपुरा टोल प्लाजा पर टोल वसूली अस्थायी रूप से स्थगित

***नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः*** *भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जनसुविधा और सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए एनएच-45 के जबलपुर-हिरन नदी सेक्शन स्थित शहपुरा टोल प्लाजा पर टोल वसूली अस्थायी रूप से स्थगित कर दी है।*

*केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के निर्देशानुसार रविवार 27 सितंबर को दोपहर 12 बजे से शहपुरा टोल प्लाजा की सभी लेन, जिसमें ईटीसी लेन भी शामिल हैं, टोल-मुक्त रहेंगी। इस अवधि में किसी भी श्रेणी के वाहन से उपयोगकर्ता शुल्क नहीं लिया जाएगा।*

*शहपुरा आरओबी के एप्रोच के क्षतिग्रस्त होने के बाद सुरक्षा की दृष्टि से सामान्य यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन द्वारा आरओबी के एप्रोच के स्थायी पुनर्निर्माण का कार्य किया जा रहा है।*

*टोल वसूली स्थगित रहने के दौरान टोल प्लाजा पर प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी, ईटीसी, एएनपीआर, डब्ल्यूआईएम सिस्टम, साइनेज और अन्य आवश्यक सुविधाओं का रखरखाव जारी रहेगा। आरओबी का पुनर्निर्माण पूरा होने और आवश्यक तकनीकी एवं सुरक्षा प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद टोल वसूली फिर शुरू करने का निर्णय नियमानुसार लिया जाएगा।*

# अमित शाह के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीजीपी ने तैयारियों की समीक्षा की

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रस्तावित मध्य प्रदेश दौरे के दौरान पुलिसिंग से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों और नवीन आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जानी है। इसकी तैयारियों को लेकर डीजीपी कैलाश मकवाणा ने पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश की पुलिसिंग से जुड़े विषयों की समीक्षा की।



बैठक में साइबर अपराध, आपराधिक न्याय प्रणाली, कानून-व्यवस्था, आतंकवाद प्रतिरोध, नक्सल उन्मूलन, विदेशियों से संबंधित विषय, आपदा प्रबंधन, पुलिस आधुनिकीकरण और पड़ोसी राज्यों के साथ सुरक्षा समन्वय सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी एवं प्रस्तुतिकरण दिए गए। बैठक में ई-जीरो एफआईआर, 1930 साइबर हेल्पलाइन, साइबर कमांडो प्रशिक्षण और सेफ क्लिक जागरूकता अभियान की प्रगति की जानकारी दी गई।

अधिकारियों ने नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन, ई-साक्ष्य, ई-समन, मेडिको-लीगल परीक्षण, पोस्टमार्टम रिपोर्टिंग सिस्टम और फॉरेंसिक सेवाओं पर भी प्रस्तुतिकरण दिया। 57 मोबाइल फॉरेंसिक वैन की जानकारी भी साझा की गई।

विशेष पुलिस महानिदेशक पंकज श्रीवास्तव ने 3 अक्टूबर से प्रस्तावित प्रदर्शनी की तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में अपराध घटित होने से नागरिक को न्याय मिलने तक की प्रक्रिया को सरल तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। पुलिस, एफएसएल, अभियोजन, जेल और अन्य विभागों की भूमिका, आधुनिक तकनीक और डिजिटल व्यवस्थाओं को स्टॉल, वीडियो, डिजिटल स्क्रीन, पोस्टर और मॉडल के माध्यम से दर्शाया जाएगा। प्रदर्शनी में मध्य प्रदेश पुलिस की साइबर जागरूकता, नक्सल उन्मूलन और जनहितकारी पहलों के साथ प्रदेश की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान, वन्यजीवन और जनजातीय विरासत की झलक भी शामिल होगी।

# मप्र पुलिस आरक्षक भर्ती-2026 का अंतिम परीक्षा परिणाम जारी

***नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः*** *मप्र पुलिस आरक्षक (बैंड) भर्ती वर्ष-2026 का अंतिम परीक्षा परिणाम एमपी ऑनलाइन की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। विस्तृत परिणाम मध्य प्रदेश पुलिस की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। आरक्षक (बैंड) पद की सीधी भर्ती के लिए परीक्षा 24 जून से 6 अगस्त 2026 तक भोपाल में आयोजित की गई थी। परीक्षा के लिए 39,468 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। बैंड टेस्ट में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची 12 अगस्त को जारी की गई थी, जिसमें 1,271 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए पात्र हुए थे। पुलिस विभाग ने 20 से 23 अगस्त तक भोपाल में साक्षात्कार आयोजित किए। बैंड टेस्ट और साक्षात्कार के अंकों को एकीकृत कर 87 प्रतिशत मुख्य भाग के अंतिम परिणाम तैयार किए गए हैं। 87 प्रतिशत मुख्य भाग में 14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों सहित 591 पदों के लिए अंतिम सूची जारी किया जाना प्रस्तावित था, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में विज्ञापित पदों की तुलना में कम अभ्यर्थी योग्य पाए गए। इसके कारण 560 पदों के लिए चयन सूची जारी की गई है।*

# क्षमावाणी आत्मचिंतन और अहंकार पर विजय का अनुपम पर्व : कृष्णा गौर

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि क्षमावाणी केवल क्षमा याचना और क्षमा दान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन, जीवंत संवाद को अपनाने और अहंकार पर विजय प्राप्त करने का अनुपम पर्व है। क्षमा का आचरण, संवाद की निरंतरता और अहंकार का विसर्जन ही मनुष्यता की सच्ची वीरता है। श्रीमती गौर रविवार को साकेत नगर स्थित भगवान महावीर दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित क्षमावाणी महोत्सव को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति मूलतः जोड़ने की संस्कृति है। हमारी परंपराएं और धार्मिक पर्व समाज में प्रेम, सौहार्द और भ्रातृभाव की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि जैन चिंतन ने सदैव जनमानस को प्रेरित किया है। जैन दर्शन आत्मा की विशालता तथा मानव जीवन में संयम, करुणा और सद्भाव के महत्व का बोध कराता है। क्षमावाणी के संदेश को व्यक्तिगत आचरण तक सीमित न रखकर सामाजिक जीवन में भी अपनाने की आवश्यकता है। प्रेम, करुणा और क्षमा के संवर्धन से समाज में पारस्परिक विश्वास, बंधुत्व और सामाजिक समरसता मजबूत होगी।



# विज्ञान मेले में ट्रांसको को द्वितीय पुरस्कार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में 22 से 26 सितंबर तक आयोजित 13वें राज्य स्तरीय भोपाल विज्ञान मेले में ऊर्जा विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के स्टॉल को सरकारी क्षेत्र की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार मिला। ट्रांसमिशन प्रणाली से संबंधित तकनीकी मॉडलों, आधुनिक संचार एवं निगरानी व्यवस्थाओं और जानकारीपरक प्रदर्शनों के कारण स्टॉल विद्यार्थियों और आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहा। स्टॉल पर ट्रांसमिशन लाइनों के मॉडल के साथ गैस इंसुलेटेड सब स्टेशन, एयर इंसुलेटेड सबस्टेशन, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, ओपीजीडब्ल्यू संचार प्रणाली, एसएलडीसी एवं स्काडा डिस्प्ले, रिमोट वीडियो सर्विलांस, आयसोलेटर के रिमोट संचालन, फॉल्ट लोकेटर, भूमिगत केबल प्रणाली, पाइल फाउंडेशन, स्कैफोल्डिंग और आपातकालीन बहाली प्रणाली के मॉडल प्रदर्शित किए गए। चालू ट्रांसमिशन लाइन के रखरखाव में उपयोग होने वाले हॉट सूट मॉडल ने भी ध्यान आकर्षित किया। एमपी ट्रांसको की ओर से भोपाल के अतिरिक्त मुख्य अभियंता प्रदीप सिंह राघव और राजेश शांडिल्य तथा अधीक्षण अभियंता सुधीर नेमा सहित अन्य अधिकारियों ने पुरस्कार प्राप्त किया।



**कार्यक्रम** *भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ग्वालियर में ...*

# आंगन मिलन सेवा में बच्चों को पठन सामग्री वितरित

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने रविवार को ग्वालियर में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' में भाग लिया। उन्होंने आंगनवाड़ी के बच्चों को पठन सामग्री वितरित की, बहनों को सम्मानित किया और पौधरोपण किया।

इसके साथ ही महाराजा मानसिंह मंडल के बूथ क्रमांक 292 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा कि 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम नन्हे बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राजनीति को सत्ता और स्वार्थ के बजाय जनसेवा का माध्यम बनाने की दिशा में प्रयास हुए हैं। आंगनवाड़ी के बच्चों के बीच सेवा और खुशियां बांटना बदलती राजनीतिक संस्कृति का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' देश की नागरिक शक्ति और जनभागीदारी का परिचायक है। यह विभिन्न क्षेत्रों में समाजहित में कार्य कर रहे नागरिकों के प्रयासों को सामने लाने का माध्यम बना है। इस बार मध्य प्रदेश के युवाओं द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों का भी उल्लेख हुआ।



उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा 17 सितंबर से 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से स्वच्छता, सेवा और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया सहित जीडीए उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शिवहरे, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. करुणा सक्सेना, जिला मंत्री अमित बंसल, दारासिंह सेंगर, अरुण तोमर सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 43/आर-3 स्नेह नगर रोड, गोपालगंज सागर (म.प्र.) - 470001 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन -1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक : डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक : अपूर्व तिवारी। * भोपाल कार्यालय फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. MPHIN/2015/61503, www.naiduniaonline.com